Bharatiya Tatrakshak Swarnim Jayanti

Established on 1st February 1977, the Indian Coast Guard has grown into a formidable maritime force, playing a vital role in ensuring the safety, security, and environmental protection of India's vast coastline and maritime zones. Guided by the motto "Vayam Rakshamah" – "We Protect" – the Indian Coast Guard has steadfastly safeguarded the nation's maritime interests, providing a reassuring presence in our seas.

The stamp features a modern Indian Coast Guard ship, sailing proudly under the vibrant hues of a rising sun, symbolizing hope, vigilance, and commitment. It embodies the spirit of the Indian Coast Guard, whose duties span search and rescue, maritime law enforcement, marine pollution response, coastal security, and national defense support.

Over five decades, the Indian Coast Guard has evolved into a highly professional, multi-mission organization, operating a balanced fleet of ships, aircraft, and shore establishments. Its unwavering commitment has been instrumental in protecting India's maritime resources, ensuring safe seas, and supporting humanitarian missions in times of need.

India Post proudly releases a commemorative postage stamp celebrating the Swarnim Jayanti (Golden Jubilee) of the Indian Coast Guard, marking 50 years of dedicated service to the nation. The stamp honours the courage, professionalism, and selfless service of the men and women of the Indian Coast Guard, who continue to protect our coasts with valour and dedication.

Credits:

Stamp/FDC/Brochure/ Cancellation Cachet	:	Ms. Ravneet Kaur
Text	:	Based on the content provided by the proponent.

भारतीय डाक
India Post

डाक विभाग
Department of Posts



भारतीय तटरक्षक स्वर्णिम जयंती
BHARATIYA TATRAKSHAK SWARNIM JAYANTI

विवरणिका BROCHURE

भारतीय तटरक्षक स्वर्णिम जयंती

1 फरवरी, 1977 को स्थापित भारतीय तटरक्षक एक शक्तिशाली समुद्री बल के रूप में उभरा है। यह भारत के विशाल तटीय और समुद्री क्षेत्रों की सुरक्षा और संरक्षा करने के साथ–साथ वहां के पर्यावरण के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। "वयं रक्षामः"– "हम रक्षा करते हैं" के अपने आदर्श वाक्य के अनुरूप भारतीय तटरक्षक देश की समुद्री सीमा पर अपनी सशक्त उपस्थिति के बल पर देश के समुद्री हितों की दृढ़ता से रक्षा करता है।

इस डाक–टिकट में भारतीय तटरक्षक का एक आधुनिक जलपोत, उदयीमान सूर्य किरणों की जीवंत छटा के सानिध्य में गर्व से आगे बढ़ रहा है, जो आशा, तत्परता और दृढ़ संकल्प को प्रतिबिंबित करता है। साथ ही, यह खोज और बचाव कार्य, समुद्री क्षेत्र में विधि–प्रवर्तन, समुद्री प्रदूषण नियंत्रण, तटीय सुरक्षा और राष्ट्र रक्षा में सहयोग की भारतीय तटरक्षक के व्यापक कर्तव्य भावना का प्रतीक भी है।

पिछले पांच दशकों में भारतीय तटरक्षक, 'जलपोतों', 'विमानों' और 'तटीय प्रतिष्ठानों' के शानदार संतुलित बेड़े का संचालन करने वाले पेशेवर और बहु–आयामी संगठन के रूप में विकसित हुआ है। भारतीय तटरक्षक की राष्ट्र सेवा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता भारत के समुद्री संसाधनों की रक्षा करने, समुद्री क्षेत्र को सुरक्षित रखने और आवश्यकता पड़ने पर मानवीय मिशनों में अपरिहार्य योगदान देने में सहायक सिद्ध हुई है।

भारतीय डाक, भारतीय तटरक्षक की स्थापना और राष्ट्र सेवा के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्मारक डाक–टिकट जारी करते हुए गर्व का अनुभव करता है। यह स्मारक डाक–टिकट हमारी तटीय सीमा की शौर्य और समर्पण के साथ अनवरत रक्षा करने वाले समस्त भारतीय तटरक्षकों के साहस, उनकी पेशेवर शैली और निस्वार्थ सेवा भावना के सम्मान का प्रतीक है।

आभार:

डाक–टिकट/प्रथम दिवस आवरण /विवरणिका/विरूपण कैशे : सुश्री रवनीत कौर

पाठ : प्रस्तावक द्वारा प्रदत्त सामग्री पर आधारित।

तकनीकी आंकड़े

TECHNICAL DATA

मूल्यवर्ग	:	500 पैसे
Denomination	:	500p
मुद्रितडाक–टिकटें	:	315900
Stamps Printed	:	315900
मुद्रण प्रक्रिया	:	वेट ऑफसेट
Printing Process	:	Wet Offset
मुद्रक	:	प्रतिभूति मुद्रणालय, हैदराबाद
Printer	:	Security Printing Press, Hyderabad

The philatelic items are available for sale at Philately Bureaus across India and online at http://www.epostoffice.gov.in/PHILATELY_3D.html

©डाक विभाग, भारत सरकार। डाक टिकट, प्रथम दिवस आवरण तथा सूचना विवरणिका के संबंध में सर्वाधिकार विभाग के पास है।

©Department of Posts, Government of India. All rights with respect to the Stamp, First Day Cover and Information Brochure rest with the Department.

मूल्य ₹ 15.00